**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।**

पत्रांक 4751 / कार्य-25 / III दिनांक 05-6-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषयः—** **मीडिया पर प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मीडिया पर प्रकाशित खबर **'जल जीवन मिशन की लापरवाही से सुरसण्डा का रास्ता जर्जर : ग्रामीणों में भारी नाराजगी, कई साल से अधूरा काम'** के संदर्भ में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सुरसण्डा पेयजल योजना, विकास खण्ड मसौली में योजनान्तर्गत पम्प हाउस–90 प्रति, बाउण्ड्रीवाल–80 प्रति0, पाइप लाइन–95 प्रति0, शिरोपरि जलाशय–70 प्रति0 एवं 603 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है तथा पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु खोदी गयी 9821मी0 रोड के सापेक्ष 3409मी0 रोड की स्थाई पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, अवशेष खोदे गये रास्ते को आवागमन हेतु बना दिया गया है। धनाभाव के कारण योजना के कार्य प्रभावित है, धनावंटन होने के उपरान्त योजनान्तर्गत माह दिसम्बर, 2026 तक अवशेष कार्य पूर्ण कराकर समस्त ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

साथ ही अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा पेयजल योजनाओं को दिसम्बर, 2028 तक पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

(अमित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।**

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4– जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5– मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6– जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7– श्री अजय रंजन, सहा0अभि0(एसडब्लूएसएम)।
8– प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 पी0एन0सी0, बाराबंकी।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

**जल जीवन मिशन की लापरवाही से सुरसंन्डा का रास्ता जर्जर:ग्रामीणों में भारी नाराजगी, कई साल से अधूरा काम**

**आदर्श रावत। मसौली (नवाबगंज), बाराबंकी2 घंटे पहले**



जल जीवन मिशन की लापरवाही से सुरसंन्डा का रास्ता जर्जर।

बाराबंकी के मसौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुरसंन्डा में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों में कथित लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य के दौरान मुख्य मार्ग को जेसीबी से खोद दिया गया, लेकिन काम अधूरा छोड़ देने के कारण सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

ग्रामीणों, जिनमें रहमान जमील, कुतुबुद्दीन, वसीम, हसीब और महफूज शामिल हैं, के अनुसार जल जीवन मिशन का कार्य वर्ष 2022 में शुरू हुआ था। यह कार्य 2026 तक भी पूरा नहीं हो सका है। जर्जर सड़क के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है, और कई ग्रामीण चोटिल भी हो चुके हैं।

ग्रामीणों ने क्षेत्र के विधायक और सांसद पर भी नाराजगी व्यक्त की है। उनका आरोप है कि जनप्रतिनिधियों ने अब तक गांव का दौरा कर समस्याओं का जायजा नहीं लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी योजनाओं के बड़े-बड़े दावों के बावजूद जमीनी स्तर पर कार्यों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

गांव में निर्माणाधीन पानी की टंकी भी लंबे समय से अधूरी पड़ी है। ग्रामीणों के अनुसार, लगभग पांच से छह वर्ष बीत जाने के बाद भी टंकी का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। निर्माण स्थल पर पड़ी सरिया में जंग लग चुकी है, और मौरंग व गिट्टी जैसी निर्माण सामग्री भी खराब होने लगी है। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों के मुताबिक, जल जीवन मिशन का यह कार्य अधिकारी लखन शिंदे और ठेकेदार पुनीत कुमार सिंह की देखरेख में कराया जा रहा था। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और सड़क तथा अन्य अधूरे निर्माण कार्यों को जल्द पूरा कराने की मांग की है।

Scanned with OKEN Scanner